प्रेस विज्ञप्ति
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

संख्या–cm-495
14/10/2017

प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री के साथ बिहार म्यूजियम का अवलोकन किया

पटना, 14 अक्टूबर 2017 :– प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज पटना परिभ्रमण के क्रम में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के साथ बिहार म्यूजियम का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी एयरपोर्ट पर जैसे ही उतरे तो उन्होंने मुझसे कहा कि आप लोगों ने म्यूजियम बनाया है, क्या मैं पटना यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम के बाद म्यूजियम को देख सकता हूॅ। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों के लिए इससे ज्यादा प्रसन्नता की बात और क्या होगी। उन्होंने कहा कि बिहार का गौरवशाली अतीत है, उसको ध्यान में रखते हुए यह संग्रहालय बनाया गया है, उसका भी आप निरीक्षण करेंगे और आपका हमें मार्गदर्शन भी प्राप्त होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री ने अपनी प्रसन्नता का इजहार किया।

प्रधानमंत्री पटना विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह के कार्यक्रम में भाग लेने के तुरंत बाद बिहार म्यूजियम पहुॅचे, जहाॅ मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के साथ बिहार म्यूजियम में लगभग 20 मिनट रहे और इस अवधि में मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बिहार म्यूजियम के लगभग हर प्रदर्श का अवलोकन कराया और उसके संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बिहार म्यूजियम को देखकर प्रधानमंत्री अभिभूत दिखे।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक, केन्द्रीय मंत्री श्री रामविलास पासवान, उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी तथा मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह भी मौजूद थे।

******